कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी , उत्तराखण्ड
Office: Chief Electoral Officer, Uttarakhand

विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल 4-सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर देहरादून-248001

प्रेस विज्ञप्ति

प्रेस नोट–31 दिनांक 11 नवंबर 2025

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की चार जिलों की समीक्षा

– बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारियों को लेकर हुई चर्चा

– बीएलए की नियुक्ति हेतु राजनैतिक दलों से पुनः बैठक करें जिलाधिकारी

– "बुक अ कॉल बिद बीएलओ" फीचर का किया जाए व्यापक प्रचार–प्रसार

देहरादून। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ0 बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने मंगलवार को सचिवालय में वीडियो कॉफ्रेंस में माध्यम से देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर के जिलाधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारियों, बीएलए की नियुक्ति एवं निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों पर विस्तृत चर्चा की गई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जनपदों को एसआईआर की तैयारियों के दृष्टिगत 2003 की वोटर लिस्ट में शामिल मतदाताओं का वर्तमान मतदाता सूची में शत प्रतिशत मिलान हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जो मतदाता वर्तमान में दूसरे स्थानों पर शिफ्ट हो गए हैं उनसे बीएलओ व्यग्तिगत रुप से संपर्क कर उनकी निर्धारित कैटेगरी में मैपिंग करें। उन्होंने कहा कि इस पूरी तैयारी का उद्देश्य यह है कि मतदाताओं को एसआईआर के समय किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ0 बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने जिलाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बूथ लेवल एजेंट्स की शत प्रतिशत तैनाती हेतु राजनैतिक दलों से पुनः बैठक कर दी जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मताताओं की सुविधा हेतु ईसीआई–नेट ऐप पर "बुक अ कॉल बिद बीएलओ" की सुविधा दी गई है,जिसके जरिए मतदाता अपने बीएलओ के साथ कॉल बुक कर सकते हैं।

बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रकाश चंद्रा, डिप्टी डीईओ देहरादून अभिनव शाह, डिप्टी डीईओ हरिद्वार फिंचाराम, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास, राज्य स्वीप नोडल विनय कुमार सहित देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर के जिलाधिकारी वर्चुअल रुप से शामिल रहे।

********

0135-271365 election09@gmail.com uttarakhand_ceo www.ceo.uk.gov.in